प्रादेशिक समाचार

27.06.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. झारखंड समेत देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, राजधानी रांची सहित विभिन्न जिलों में रथ खींचने उमड़े श्रद्धालु।

2. नीति आयोग की मार्च 2025 की डेल्टा रैंकिंग में देशभर में चतरा जिला को मिला प्रथम स्थान, स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जिले को मिलेगी 10 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि।

3. गुमला के बसिया प्रखंड में मत्स्य पालन से बदल रही है नक्सल प्रभावित गांवों की तस्वीर, केंद्र प्रायोजित योजनाओं से ग्रामीणों को मिला रोजगार और आर्थिक मजबूती।

4. दुमका के शिव पहाड़ में कांग्रेस का सृजन संगठन कार्यक्रम आयोजित, गांव से जिला तक संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर हुई चर्चा।

5. मौसम विभाग ने राज्य में अगले पांच दिनों तक गर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की जताई संभावना, कई जिलों में तेज हवा को लेकर जारी की चेतावनी।

*********************

झारखंड समेत देशभर में आज भगवान जगन्नाथ की प्रसिद्ध रथ यात्रा निकाली गई। रांची में ऐतिहासिक रथ यात्रा के दौरान आस्था का सैलाब देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ भगवान जगन्नाथ, उनके भाई भगवान बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा का रथ खींचा। आज से जगन्नाथ प्रभु मौसीबाड़ी में ही नौ दिनों तक दर्शन देंगे। रथयात्रा के साथ ही रांची के जगन्नाथपुर क्षेत्र में लगने वाले 10 दिवसीय मेले की भी शुरुआत हुई। रथयात्रा के दौरान पूरे मेला क्षेत्र में जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रैफिक में भी बदलाव किया गया है।

*********************

इधर हजारीबाग जिले के चौपारण में भी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। नाइजीरिया, रूस, यूक्रेन और युगांडा से आए विदेशी पर्यटक भी इस रथ यात्रा में शामिल हुये। सियारकोनी से प्रारंभ होकर यह यात्रा मौसीबाड़ी गढ़ काली मंदिर तक पहुंची। विधायक मनोज यादव ने कहा कि बरही में ऐतिहासिक रथ यात्रा का आयोजन हो रहा है, जिसका स्वरूप आने वाले वर्षों में और भव्य होगा।

*********************

नीति आयोग द्वारा मार्च 2025 की डेल्टा रैंकिंग में चतरा जिला ने देश के 112 आकांक्षी जिलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले को यह सफलता स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, वित्तीय समावेशन और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर मिली है। इस उपलब्धि के लिए चतरा जिले को नीति आयोग द्वारा 10 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। उपायुक्त कीर्ति श्री जी ने इस सफलता पर प्रशासनिक टीम जनप्रतिनिधियों और जिलेवासियों को बधाई दी और इसे आगे भी बनाए रखने का संकल्प जताया।

*********************

गुमला जिले का बसिया प्रखंड, जो कभी नक्सली गतिविधियों के लिए जाना जाता था, अब केंद्र प्रायोजित मत्स्य पालन योजनाओं की मदद से विकास की नई पहचान बना रहा है। पूर्व नक्सली पप्पू सोनी और युवा शिक्षक ज्योति लकड़ा अब मछली पालन के माध्यम से न केवल खुद आत्मनिर्भर बने हैंए बल्कि समाज को भी प्रगतिशील दिशा दे रहे हैं। जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना से जिले के 157 किसानों को लाभ मिला है। मत्स्य पालन विभाग के निदेशक एच एन द्विवेदी ने

जानकारी दी कि केंद्र सरकार के सहयोग से अब मछलियों का भी बीमा संभव हो सका है, जिससे किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिली है।

********************

कोडरमा जिले के लगभग सभी पंचायत अब डिजिटल हो चुके हैं। चंदवारा प्रखंड के पिपराडीह पंचायत में ऑप्टिकल फाइबर केबल के जरिए निर्बाध इंटरनेट सेवा उपलब्ध है। जिससे ग्रामीणों को बैंकिंग और सरकारी योजनाओं के लाभ के साथ साथ जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसी सुविधाएं गांव में ही आसानी से मिल रही हैं। पंचायत प्रतिनिधि धीरज कुमार ने कहा कि डिजिटल पंचायत से अब गांव और प्रशासन के बीच की दूरी कम हो गई है।

डिजिटल इंडिया के इस अभियान ने पूरे ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाकर शहरों के साथ कदमताल करने का अवसर प्रदान किया है।

********************

उपराजधानी  दुमका के शिव पहाड़ में कांग्रेस पार्टी ने आज सृजन संगठन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पंचायत से लेकर जिला स्तर तक संगठन को मजबूती देने और केंद्रीय निर्देशों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा हुई। मौके पर के राजू  ने कहा कि गांव से लेकर जिला तक संगठन को मजबूत किया जा रहा है ताकि सरकार मजबूती से काम कर सके।

वहीं ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि संताल परगना में संगठन की मजबूती को लेकर लगातार काम हो रहा है और लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

********************

कोडरमा जिले में सभी पंचायतों और गांवों तक वित्तीय साक्षरता प्रदान करने के लिए 1 जुलाई से 30 सितंबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा।

********************

श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने आसनसोल और पटना के बीच अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 11 जुलाई से 9 अगस्त तक सप्ताह में पांच दिन चलेगी। कांवड़ियों और तीर्थयात्रियों को देवघर यात्रा में सुविधा देगी। ट्रेन दोनों दिशाओं में चित्तरंजनए मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर भी रुकेगी।

********************

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले पांच दिनों तक गर्जन और वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज सहित कई जिलों में कहीं–कहीं भारी वर्षा और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की चेतावनी दी गई है।

*********समाप्त*********